

# सरकारी तालाब से खेत में पानी देने के विवाद पर युवक की गोली मारकर हत्या

## चार लोग घायल तीन ग्वालियर रैफर



सत्ता सुधार ■ गोहद

थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डिरमन पाली में खेत में सरकारी तालाब से पानी देने के विवाद के चलते एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी तथा छह लोग घायल हो गए। तीन लोगों को किया ग्वालियर रैफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार थाना गोहद क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार को सुबह 9.30 बजे के लगभग ग्राम डिरमन पाली में राणा समुदाय के लोगों में सरकारी तालाब से खेत में पानी देने को लेकर बातों ही बातों में विवाद हो गया। फरियादी सुखवीर सिंह पुत्र सोवरन ने पुलिस को बताया है कि दशरथ उर्फ रिंकू ने 315 बोर के कट्टे से राकेश पुत्र बलवंत सिंह राणा उम्र 40 को गोली मार दी, गोली लगने से राकेश की मौत हो गई। जबकि सोबरन पुत्र राम सिंह राणा उम्र 60 वर्ष, सुखवीर सिंह उम्र 35 वर्ष एवं प्रदीप उम्र 30 वर्ष पुत्र गण सोबरन सिंह राणा घायल हो गए, जिन्हें डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद ग्वालियर रेफर कर दिया। उधर आरोपीयों की ओर के बच्चू सिंह के पैर में गोली लगने से घायल हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही एसडीओपी सौरभ कुमार भारी पुलिस बल के साथ पहुंच गए और स्थिति को संभाला।


इस झगडे में घायल सोबरन सिंह राणा ने बताया कि मेरा भतीजा राकेश गुरुवार को गांव में बने सरकारी तालाब से खेत पानी देने के लिए गया था तो विरोधियों ने डायल 100 पर शिकायत करके खेत पानी देने पर रोक लगवा दी थी। इसके बाद राकेश गोहद तहसील पहुंचकर संबंधित अधिकारी से मिलकर गांव में बने सरकारी तालाब से खेत में पानी देने की अनुमति ले ली थी। जिसके चलते राकेश शुक्रवार की सुबह दमकल से अपने खेत में पानी देने के बाद अपने घर आ रहा था। इसी बात से वह लोग बौखला गए। तभी अचानक से राहुल पुत्र बच्चू सिंह नंहे पुत्र टुंडे सिंह नरेंद्र पुत्र उदयभान सिंह भूरा पुत्र उदयभान सिंह नवल सिंह पुत्र टुंडे सिंह सत्यम पुत्र नवल सिंह दशरथ पुत्र निहाल सिंह जाति राणा ने एक राह होकर राकेश को घेर लिया और उसके साथ मार-पीट करने लगे। तभी मैंने तथा मेरे बेटों ने उसे बचाने की कोशिश की लेकिन उसी दौरान इन लोगों द्वारा मेरी और मेरे बेटों के ऊपर लाठी व धारदार हथियार से हमला कर दिया।

वहीं आरोपियों की ओर से घायल बच्चू सिंह राणा का कहना है कि एक दिन पहले राकेश तालाब से खेत में पानी दे रहा था, तभी गोहद से डायल 100 ने गांव पहुंचकर राकेश को पानी देने से रोक दिया था। लेकिन उसने फिर से खेत में पानी दिया और पानी देने के बाद कहने लगा कि हमारा किसी किसी ने कुछ नहीं बिगाड़ पाया है और हमने अपने खेत में पानी भर कर दिखा दिया है। इसी बात पर विवाद बढ़ गया और राकेश के परिजनों ने मेरे व मेरे बेटों के साथ मारपीट कर दी तथा अधिया बंदूक से पैर गोली मार दी। फिलहाल पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए हैं।

# मकान के विवाद के चलते छोटे भाई की पत्नी ने जेठ के फेंका खौलता पानी

## घायल को मालनपुर स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया

सत्ता सुधार ■ गोहद



पुश्तैनी मकान के विवाद में छोटे भाई ने बड़े भाई के साथ मारपीट कर दी। इसी दौरान उसकी पत्नी ने जेठ के ऊपर खौलता हुआ गर्म पानी फैंक दिया। जिससे जेठ बुरी तरह से झुलस गया। गंभीर हालत में उसे मालनपुर अस्पताल ले जाया गया।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह 11 बजे मालनपुर के खुमानपुरा निवासी रमन राजावत पुत्र मुन्ना सिंह राजावत उम्र 48 वर्ष अपने पुश्तैनी मकान पहुंचा। यहां उसने छोटे भाई रामू सिंह से दरवाजा खोलने को बोला। इस बात पर दोनों भाइयों में विवाद हो गया। इसके बाद छोटे भाई की पत्नी सपना ने नहाने के लिए गर्म हो रहे पानी को जेठ के ऊपर फेंक दिया। जिससे रमन सिंह बुरी तरह झुलस गया। गंभीर हालत में उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मालनपुर में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। बताया गया है कि यह विवाद 25/50 के मकान को लेकर हुआ है। इस मकान में आठ कमरे बने हैं। बंटवारे के समय वर्ष 2019 में पंचायत में तय हुआ था कि रामू (छोटा भाई) रमन सिंह (बड़े भाई) को 75 हजार रुपए देगा। इस वादी पर मकान कब्जे में लिया था। इन रुपए के लिए बार-बार रमन सिंह अपने छोटे भाई रामू के घर जाता था और रुपए की मांग करता था। पहले भी दोनों के बीच इस लेनदेन पर विवाद हुआ था। बाद में देने का वादा किया। छोटे भाई ने बड़े भाई से कहा मेरे दो बच्चे हैं। मैं इतने रुपए नहीं दे सकता। इस पर बड़े भाई ने कुल 50000 रुपए की मांग की। पहले की तरह छोटे भाई (मंझला) रामू ने इसका भी वादा कर दिया, लेकिन रुपए नहीं दिए।

### पिता ने छोटे बेटे को दिया अलग प्लांट

पिता मुन्ना सिंह राजावत और कुसुम राजावत के तीन बेटे हैं। बड़ा बेटा रमन सिंह राजावत, मंझला बेटा रामू राजावत, और छोटा बेटा पंकज राजावत। पिता के तीन प्लांट थे, जिसमें से एक प्लाट आठ कमरों का मकान बना हुआ है। जिसमें मंझला भाई और उसका परिवार रहता है। वही पिता मुन्ना सिंह ने छोटे बेटे को अलग से प्लांट दिया था। जिस पर दो कमरे पहले से बने हुए हैं। उसी के साथ पिता मुन्ना सिंह और मां कुसुम रहती है। बड़े बेटे को खाली प्लाट दिया है, जिसे बनाने के लिए मजले भाई को बड़े भाई रुपए देने थे।

# बाइक सवारों को बचाने ट्रैक्टर ट्रॉली से भिड़ी कार





**दबोह।** नगर के खजूरी मोड़ पर तेज रफ्तार कार साइड में खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली से जा भिड़ी। हादसे में कार में सवार प्रतीक दूरवार और विवेक परिहार निवासी दबोह को मामूली चोट आईं। उक्त कार प्रतीक की बताई जा रही हैं। कार लहार से दबोह की ओर आ रही थी, तभी सामने से आ रही दो बाइक आपस में टकरा गई। उन्हीं को बचाने के लिए कर चालक ने अपनी कार को बगल में खड़ी ट्रेक्टर ट्रॉली की ओर मोड़ दिया, जिसके चलते कार ट्रैक्टर ट्रॉली से जा भिड़ी। बताया गया कि जो दो बाइक आपस में टकराई उसमें 5 लोग घायल हुए। जिन्हें तत्काल ग्वालियर ले जाया गया है। पुलिस के अनुसार मोटर साइकिल नम्बर एमपी 30 एमएल 1354 जो पूरन पाल निवासी कैमरा थाना केलिया यूपी की बताई जा रही है, वहीं दूसरी बाइक क्रमांक एमपी 30 एमआई 6334 है। फिलहाल दबोह पुलिस ने दोनों बाइकों के साथ ही कार को अपने कब्जे में ले लिया है।

# एक सैकड़ा से अधिक मरीजों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

## भूता कोठी निरामय नर्सिंग होम में लगाया गया स्वास्थ्य शिविर

सत्ता सुधार ■ भिण्ड



राजीव गांधी स्मृति न्यास भिंड के द्वारा स्व. मेहरबान प्रसाद शर्मा की पुण्यतिथि के अवसर पर निरामय नर्सिंग होम भूता कोठी भूता बाजार भिंड में निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया।

जानकारी देते हुए नगर कांग्रेस के अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी ने बताया शिविर का शुभारंभ स्व. मेहरबान प्रसाद शर्मा के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में न्यूरो सर्जन ब्रेन एवं स्पाइन सर्जरी रोग विशेषज्ञ डॉ अभिषेक चौहान, स्वांस एवं दमा रोग विशेषज्ञ डॉ. शेरूसिंह सिंह राजपूत, गैस्ट्रो फिजिशियन पेट आंत एवं लिवर रोग विशेषज्ञ डॉ. मयंक महेश्वरी डॉ. राधेश्याम शर्मा एमडी मेडिसन शामिल हुए। शिविर में ब्लड शुगर, बीपी, ईसीजी और हड्डियों की जांच की गई। स्वास्थ्य शिविर में 100 से अधिक मरीजों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और दवाएं वितरित की गई। इस अवसर पर डॉ. वीरेंद्र भदौरिया डॉ. अरविंद शर्मा, डॉ. रामस्वरूप जैन, डॉ. अजय भदौरिया, रमेश बाबू शर्मा, रामदत्त पुरोहित, रेखा भदौरिया, संजय भूता, बलराम जाटव, मोहर सिंह जाटव, शीशपाल सिंह भदौरिया, अजय जैन, राजेश भदौरिया, सिस्टर सजनी, सिस्टर मंजू, राजू त्रिवेदी आदि विशेष रूप से मौजूद रहे और सहयोग प्रदान किया।

# सरकार की गलत नीतियों के कारण किसान, मजदूर पलायन के लिए मजबूर : डॉ. सिंह



**भिण्ड।** जिले में अधिक वर्षा होने के कारण फसले पूरी तरह से नष्ट हो गई थी। किसानों ने बाजरा एवं ज्वार की फसलों का उत्पादन किया। शासन द्वारा खरीफ की फसल ज्वार, बाजरा एवं धान का पंजीयन कराया जाता है। लेकिन तीन साल से ज्वार, बाजरा एवं धान की खरीदी नहीं की जा रही है। शासन की गलत नीति के कारण उनकी फसलों का समर्थन मूल्य पर खरीदी न होने के कारण किसानों को मण्डी में धान पर 1000 रुपए व ज्वार 700 रुपए एवं बाजरा 500 रुपए कम रेट पर व्यापारियों को बेचने पर मजबूर हो रहे हैं। जिसके कारण किसान व मजदूरों के परिवारों का भरण पोषण न हो पाने से क्षेत्र से बाहर पलायन कर अन्य महा नगरों में मजदूरी के लिए जा रहे हैं। डॉ. गोविन्द सिंह ने कहा है कि समय पर किसानों को खाद न मिलने के कारण आज किसानों को सड़कों पर उतरना पड़ रहा है। ठण्ड में खाद के टोकन के लिए घर से रजाई लेकर भूखे प्यासे किसान रात्रि से ही लाईन लगाकर सोसायटियों पर खड़े नजर आते हैं, फिर भी किसानों को खाद नही मिल पा रहा है। जबकि वही डी.ए.पी. खाद किसानों को अधिक मूल्य पर बाजार में आसानी से उपलब्ध हो रही है।

# ठेकेदार व अफसरों की मिली भगत से पानी की टंकी चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट

सत्ता सुधार ■ मालनपुर



गांव-गांव और घर-घर पानी पहुंचाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा जनकल्याणकारी नल जल योजना चलाई जा रही है। जिसके तहत हर हर घर तक पानी पहुंचाने की मंशा है, लेकिन इसके लिए बनाई जा रही पानी की बड़ी टंकी में घटित मटेरियल का उपयोग कर भ्रष्टाचार किए जाने का आरोप है। यह पूरी गड़बड़ी अफसरों की सह पर होने के भी आरोप लगाए जा रहे है। यह सब तब सामने आया है, जब अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति के घर भी पानी पहुंचाने के दावे शासन व प्रशासन कर रहा है। अफसरों व ठेकेदार की सांठगांठ से महत्वाकांक्षी योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है।

यह मामला गोहद विकासखंड की लहचूरा ग्राम पंचायत से निकलकर सामने आया है। यहां बनाई जा रही पानी की टंकी में घटिया सामग्री लगाने के आरोप ग्रामीणों द्वारा लगाए जा रहे हैं। ग्रामीणों की मानें तो निर्माण मानकों के अनुसार नहीं हो रहा है। उसमें घटिया क्वालिटी की सीमेंट और रेत व जंग युक्त सरिया लगाकर निर्माण कार्य के नाम पर खाना पूर्ति की जा रही है। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई कि इसी तरह का निर्माण हुआ तो टंकी कुछ ही दिनों बाद धराशाई हो जाएगी। ग्रामीणों ने अधिकारी की लापरवाही और ठेकेदार की मनमानी को इसके लिए जिम्मेदार बताया।

### इनका कहना है

घटिया निर्माण की जानकारी हमें भी मिली है। इस संबंध में अधिकारियों से बात कर ठेकेदार की शिकायत करेंगे।

–सीमा–तहसीलदार बघेल,
सरपंच ग्राम पंचायत लहचूरा।

मैं खुद निरीक्षण करने गया था और टंकी पर चढ़कर मैंने देखा है। निर्माण कार्य ठीक चल रहा है। ठेकेदार को जंग युक्त सरिया ना लगाने को कहा है।

–डीएन जाटव,
अधिकारी पीएचपी विभाग।

# रेत का अवैध परिवहन करने पर 8 ट्रेक्टर-ट्राली जप्त



**कलेक्टर भिण्ड की रेत के अवैध परिवहन पर कर्रवाई**

सत्ता सुधार ■ भिण्ड

कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने शुक्रवार को सुबह रेत का अवैध परिवहन करते हुए भारौली तिराहा से अड़ोखर मार्ग पर छापामार कार्रवाई कर रेत का अवैध परिवहन करते 8 ट्रेक्टर-ट्रॉली को जप्त किया। इस दौरान माइनिंग विभाग से संजय धाकड़ उपस्थित रहे।

कलेक्टर भिण्ड द्वारा रेत का अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। रेत का परिवहन करते हुए जप्त 4 ट्रेक्टर ट्राली को थाना भारौली एवं 4 ट्रेक्टर ट्राली को थाना देहात की अभिरक्षा में रखा गया है। जप्तशुदा वाहनों पर खनिज नियमों के तहत कार्यवाही की जाएगी। रेत का अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने कहा है कि जिले में अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर पूर्ण कसावट लाकर इसे रोकना उनका लक्ष्य है। इसी के तहत यह कार्यवाही की गई है। जिले भर में यह अभियान, अवैध उत्खनन एवं परिवहन के पूर्ण रूप से बंद होने तक सतत् रूप से चलता रहेगा।

# कौशिक महाराज पहुंचे दंदरौआ, डॉक्टर हनुमान के किए दर्शन

## धाम के महंत रामदास जी महाराज से की चर्चा

सत्ता सुधार ■ भिण्ड



प्रसिद्ध कथा वाचक कौशिक महाराज वृंदावनधाम शुक्रवार को दंदरौआ धाम में पहुंचे, जहां उन्होंने डॉक्टर हनुमान के दर्शन कर पूजा-अर्चना कर श्रीश्री 1008 महामण्डलेश्वर महंत रामदास जी महाराज से आशीर्वाद लिया। रामदास जी महाराज ने शाल एवं श्रीफल भेंट कर सुख और समृद्धि का आशीर्वाद दिया। कौशिक जी महाराज ने चर्चा में महाराज जी से कहा कि मैंने अपने आश्रम की गौशाला में एक लाख गायों को रखने का संकल्प लिया है। दंदरौआ धाम में आकर मन शांत एवं आध्यात्मिक अनुभव होता है। डॉक्टर हनुमान जी के दर्शन मात्र से असाध्य रोगों से मुक्ति मिल जाती हैं। इस मौके पर रामबरन पुजारी, जलज त्रिपाठी, अरविंद सिंह सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आज

**भिण्ड।** आगामी राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान एवं राष्ट्रीय कार्यक्रमों के सफल संचालन हेतु कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक का आयोजन 30 नवम्बर को दोपहर 12 बजे कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। उक्त जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक से संबंधित सदस्यगण एवं अधिकारियों से नियत समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है।

## शिवप्रताप बने ऊमरी थाना प्रभारी



**भिण्ड।** पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव ने गुरुवार को ऊमरी थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह तोमर को हटा दिया। इनको लाइन अटैच किया गया है। उनके स्थान पर अब ऊमरी थाना प्रभारी के रूप में इंस्पेक्टर शिवप्रताप सिंह कुशवाह की पोस्टिंग की है। कुशवाह हाल ही में जिले में आए हैं, वे अभी पुलिस लाइन में पदस्थ थे।

# 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का भूमिपूजन एक दिसम्बर को

**गोहद।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में अखिल विश्व गायत्री परिवार गायत्री शक्तिपीठ गोहद द्वारा 251 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन 9 जनवरी 2025 से 13 जनवरी 2025 तक किया जा रहा है। कार्यक्रम स्थल केशव पार्क बंधा रोड गोहद नियत किया गया है। कार्यक्रम संयोजक ने बताया कि केशव पार्क बंधा रोड गोहद पर भूमिपूजन कार्यक्रम एक दिसम्बर 2024 को दोपहर 12 बजे दंदरौआ धाम के महंत श्रीश्री 1008 महामंडलेश्वर रामदास महाराज, महामंडलेश्वर खनेताधाम रामभूषण दास, प्रभाकांत तिवारी गायत्री परिवार एवं कार्यक्रम संयोजक लालसिह आर्य की उपस्थित में किया जाएगा। जनवरी 2025 में आयोजित 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की तैयारियां अंतिम चरण में है। गायत्री परिवार द्वारा आयोजित महायज्ञ में प्रत्येक धर्म जाति के लोगों की उपस्थिति के लिए आयोजन समिति में स्थान दिया गया है। प्रत्येक धर्म व जातियों के लोगों की बैठकों का आयोजन किया गया है। ग्वालियर चम्बल संभाग के प्रत्येक गांव व घर घर दस्तक देकर प्रचार रथ के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

**प्रोत्साहन** पुलिस अधीक्षक डॉक्टर असित यादव ने धावकों को ट्रैकसूट स्पाइक शूज देकर किया प्रोत्साहित

# दौड़ो और देश प्रदेश का विश्व में करो नाम रोशन : पुलिस अधीक्षक

सत्ता सुधार ■ भिण्ड



दौड़ो और देश प्रदेश का विश्व में नाम रोशन करो। यह बात शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आधा दर्जन धावकों को स्पाइस सूज और ट्रैक सूट प्रदान करने के बाद खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कही। इस अवसर पर खेल प्रशिक्षक राधेगोपाल यादव, समाजसेवी गणेश भारद्वाज और एसपी टू स्टेनो निरीक्षक विपिन श्रीवास मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

पुलिस अधीक्षक ने प्रदेश स्तरीय मैराथन और क्रॉस कंट्री धावकों को स्पोर्ट्स किट देकर के उनका मनोबल बढ़ाने का काम किया है। ऐसे सभी खिलाड़ियों को जिला एथलेटिक एसोसिएशन सचिव राधे गोपाल यादव ने ग्रामीण खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए गणेश भारद्वाज के साथ अभ्यास करते हुए देखा और सर्दी के मौसम में ट्रैक सूट के अभाव में अभ्यास करते हुए पाया। इस बात की सूचना जब पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव को मिली तो उन्होंने आगे बढ़कर खिलाड़ियों की सहायता की।

जिला खेल युवक कल्याण विभाग से प्रशिक्षक बृजबाला की देख रेख में उचित प्रशिक्षण की व्यवस्था की और जिला एथलेटिक एसोसिएशन से राज्य स्तरीय क्रॉस कंट्री और मैराथन दौड़ में दौड़ने के लिए मार्ग प्रशस्त किया। स्पोर्ट्स किट लेने वाले धावक राम भरत और देवेंद्र यादव जिले के मैराथन 42 किलोमीटर दौड़ और क्रॉस कंट्री दौड़ने वाले हैं। वही लव कुश, पूजा श्रीवास, पूजा शर्मा, वंदना कुशवाह क्रॉस कंट्री और मिडिल रेस के खिलाड़ी हैं। एसपी ने इन खिलाड़ियों को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में बुलाकर यह सामग्री भेंट की और उन्हें खेल में अच्छा प्रदर्शन करने पर सदैव के लिए सहयोग करने का वादा भी किया।

## सिरोल थाना क्षेत्र का मामला, जांच में जुटी पुलिस

# लाखों रुपए हड़पकर भागा कियोस्क संचालक दंपति

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

**बैंक का कियोस्क सेंटर चलाने वाला दंपति अपने जाल में उलझाकर लोगों के लाखों रुपए हड़पकर भाग निकला। घटना सिरोल थाना क्षेत्र की है, जिसमें पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना की जा रही है।**



सिरोल थाना क्षेत्रांतर्गत पवनसुत कॉलोनी निवासी अर्चना गांगिल और उसका पति नीलेश गांगिल अपने घर में ही वर्ष 2018 से एसबीआई (स्टेट बैंक ऑफ इंडिया) का कियोस्क सेंटर संचालित कर रहे थे। जो ग्राहकों का करीब 40-50 लाख रुपया समेटकर रातोंरात गायब हो गए हैं। जब ग्राहकों को इसका पता लगा, तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। अपने स्तर पर तलाश करने के बावजूद जब उनका कुछ पता नहीं लगा, तो वह शिकायत करने थाने पहुंचे। जहां पुलिस द्वारा फरियादी बनी राखी पुत्री प्रकाश चौकोटिया निवासी फूटी कॉलोनी की शिकायत पर आरोपी दंपति के खिलाफ बीएनएस की धारा 318 (4), 316 (2), 316 (5) व 3 (5) के तहत एफआईआर दर्ज कर मामले को विवेचना में ले लिया गया है।

### इस तरह लगाया लोगों को चूना

आरोपी दंपति द्वारा कियोस्क पर आने वाले ग्राहकों की एफडी करवाने के नाम पर एकमुश्त रकम लेकर उन्हें फर्जी स्लिप थमाई जाती रही। जबकि उक्त पैसा उन्होंने बैंक में जमा नहीं करवाते हुए अपने पास ही रख लिया। वहीं पैसा निकालने वाले लोगों से अंगूठा लगवाकर अपने मन मुताबिक राशि आहरित कर ली जाती थी। इसके अलावा कुछ लोगों को सर्वर डाउन होने का झांसा देते हुए वापस लौटाकर उक्त राशि खुद निकालकर रख ली जाती थी।

### बिना पर्ची लाखों देने का दावा

वहीं पुलिस के समक्ष दो लोग ऐसे भी पहुंचे हैं, जिनका दावा है कि उन्होंने लाखों रुपए ठग दंपति को जमा करने के लिए दिए थे, जिसकी उन्हें पर्ची नहीं दी गई थी। उनकी बात में कितनी सत्यता है, पुलिस इसकी भी पड़ताल कर रही है।

### मकान बेचकर हुए गायब

ठग दंपति इतने शातिर हैं, कि वह बैंक का कियोस्क सेंटर खोलकर वर्षों तक लोगों के मेहनत की कमाई हड़पते रहे। फिर लाखों रुपए समेटने के बाद रातोंरात अपना मकान बेचकर गायब हो गए। जब ग्राहक वहां पहुंचे, तो कियोस्क सेंटर में ताला डला हुआ था, जबकि उसे संचालित करने वाले दंपति को कोई अता- पता नहीं था।

### बैंककर्मी के मिलीभगत की आशंका

माना जा रहा है कि उक्त घोटाले में बैंक के किसी कर्मचारी की भी मिलीभगत रही होगी। यही वजह है कि लंबे समय तक इतने बड़े पैमाने पर यह घपला होता रहा और किसी को भनक तक नहीं लगी।

### कंपू क्षेत्र में भी हो चुकी है ऐसी ठगी

कुछ दिनों पूर्व कंपू थाना इलाके में भी ऐसी ही ठगी हो चुकी है। जहां अवाड़पुरा में बैंक का कियोस्क सेंटर चलाने वाला युवक अपने ग्राहकों के लाखों रुपए लेकर भाग गया था। हालांकि बाद में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया, लेकिन आज तक ठगी का शिकार होने वाले लोगों को उनकी रकम नहीं मिल सकी है।

### इनका कहना है

एसबीआई का कियोस्क संचालित करने वाले दंपति के खिलाफ शिकायत मिली है, कि वह ग्राहकों के पैसे लेकर गायब हो गया है। आरोपी पति- पत्नी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी गई है।

**आलोक सिंह भदौरिया**
**टीआई, सिरोल**

# चाकू लेकर डॉक्टर को धमकाने वाला हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

### क्लीनिक में घुसकर देता था जान से मारने की धमकी

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

हिस्ट्रीशीटर बदमाश चाकू लेकर एक डॉक्टर के क्लीनिक में जा पहुंचा, जो करीब 15 मिनट तक उन्हें धमकाता रहा। घटना कंपू थाना क्षेत्र की है, जिसमें पीड़ित डॉक्टर की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर तत्परता दिखाते हुए गिरफ्तार कर लिया है। कंपू थाना क्षेत्रांतर्गत तेली की बजरिया में डॉ. केके गुप्ता की क्लीनिक है। बीती 26 नवंबर को जब वह अपने क्लीनिक में बैठे हुए थे, तभी वहां क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर बदमाश विवेक शर्मा आ धमका। जो चाकू लहराते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी देने लगा। करीब 15 मिनट तक वह उन्हें परेशान करता रहा, इसी बीच मौका पाकर डॉक्टर क्लीनिक निकलकर भाग निकला। इसके बाद अगले दिन जब वह क्लीनिक पर पहुंचे, तब फिर बदमाश ने वहां आकर उसी तरह से चाकू अड़ाकर उन्हें धमकाना शुरू कर दिया। उसकी रोज- रोज की हरकत से तंग आकर डॉक्टर ने कंपू थाने में इसकी शिकायत की। जिस पर पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसके घर पर दबिश दी, तो वह वहां से गायब मिला। जिससे पुलिस द्वारा मुखबिर तंत्र को अलर्ट किया गया। इसी बीच शुक्रवार दोपहर कंपू टीआई अमित शर्मा को सूचना मिली, कि उक्त बदमाश अपने घर के आसपास देखा गया है। इस पर पुलिस टीम को तत्काल आरोपी के घर पहुंचाया गया, तो वहां मौजूद बदमाश ने पुलिस को देखते ही दौड़ लगा दी। जिस पर पुलिस टीम भी उसके पीछे लग गई, जिसने कुछ दूरी पर घेराबंदी करते हुए उसे धरदबोचा। यहां बता दें कि उक्त बदमाश के खिलाफ पूर्व से हत्या सहित कई अपराध पंजीबद्ध हैं, और हाल ही में वह जेल से छूटकर आया है, जिससे डॉक्टर ने उससे अपनी जान को खतरा बताया है।



### इनका कहना है

डॉक्टर ने बदमाश द्वारा क्लीनिक में चाकू अड़ाकर धमकाने की शिकायत की थी, जिस पर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

**अमित शर्मा**
**टीआई, कंपू**

## डॉ. सुधांशु त्रिवेदी का प्रबोधन आज

**ग्वालियर।** मध्यभारत शिक्षा समिति के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को सांय 4:30 बजे जीवाजी विश्वविद्यालय के अटल सभागार में राज्यसभा सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी का 'भारतीय शिक्षा दर्शन' विषय पर प्रबोधन रहेगा। मध्यभारत शिक्षा समिति के अध्यक्ष प्रो. राजेंद्र बांदिल ने नगर के प्रबुद्धजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, शिक्षाविदों से इस प्रबोधन कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

## बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए सरकार प्रतिबद्धः मंत्री कुशवाह

### हनुमान नगर में किया सीवर लाइन का भूमिपूजन



**ग्वालियर।** शहर के वार्ड-44 के हनुमान नगर क्षेत्र में सीवर समस्या का जल्द ही स्थायी समाधान होगा। सामाजिक न्याय एवं उद्यानिकी मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह ने शुक्रवार को हनुमान नगर में लगभग 46 लाख रुपये की लागत से डलने जा रही सीवर लाइन का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर कुशवाह ने कहा कि प्रदेश सरकार सीवर, पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। इसके लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। कुशवाह ने यह भी कहा कि लश्कर क्षेत्र की सभी बस्तियों में जरूरत के अनुसार सुनियोजित तरीके से सीवर लाइन बिछाई जा रही हैं। साथ ही सीसी रोड का निर्माण भी किया जा रहा है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय पार्षद यामिनी परांडे और अन्य जनप्रतिनिधि, साथ ही स्थानीय नागरिक भी उपस्थित थे।

## अवैध व असुरक्षित तरीके से छोटे सिलेण्डर रीफिलिंग रोकने के लिये कार्रवाई जारी

**ग्वालियर।** अवैध एवं असुरक्षित तरीके से घरेलू गैस के बड़े सिलेण्डर से छोटे सिलेण्डर भरने की प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिये जिला प्रशासन के निर्देश पर खाद्य विभाग द्वारा विशेष मुहिम चलाई जा रही है। इस मुहिम के तहत शुक्रवार को खाद्य विभाग की टीम ने मुरार क्षेत्र में छापामार कार्रवाई कर घरेलू गैस के 11 सिलेण्डर जब्त किए हैं। जिन दुकानों से यह सिलेण्डर जब्त किए गए हैं, उनके संचालकों के तहत आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किए गए हैं। सहायक जिला आपूर्ति अधिकारी श्री अवधेश पाण्डेय ने बताया कि शुक्रवार को मुरार स्थित पूजा स्पेयर्स के घरेलू गैस के 5 सिलेण्डर, खण्डेलवाल ब्रदर्स से 4 सिलेण्डर व बारादरी चौराहे से विनोद पवन की दुकान से घरेलू गैस के 2 सिलेण्डर जब्त किए गए हैं। जब्त किए गए ये सभी 11 सिलेण्डर गणेश गैस एजेंसी की सुपुर्दगी में रखवाए गए हैं। इस कार्रवाई में सहायक आपूर्ति अधिकारी अवधेश पाण्डेय व कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सौरभ जैन, महावीर सिंह राठौर व पूजा तोमर शामिल थे। जिलेवासियों से अपील की गई है कि घरेलू गैस के बड़े सिलेण्डर से छोटे सिलेण्डर न भरवाएं। यह अत्यंत असुरक्षित है और इस प्रकार भरवाए गए छोटे सिलेण्डर दुर्घटना का बड़ा कारण बन सकते हैं। खाद्य विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जो दुकानदार बड़े सिलेण्डरों से अवैध तरीके से छोटे सिलेण्डर भरेंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

# सीए के ऑफिस में सेंध लगाने वाले दो शातिर नकबजन धरे

### चुराए गए माल सहित वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद





**ग्वालियर।** झांसी रोड थाना पुलिस ने क्षेत्र में स्थित सीए (चार्टर्ड अकाउंटेंट) के ऑफिस में सेंध लगाने वाले दो शातिर नकबजनों को गिरफ्तार कर लिया है, जिनके कब्जे से चुराए गए माल सहित वारदात में प्रयुक्त बाइक भी बरामद हो गई है। पुलिस द्वारा पकड़े गए चोरों से अन्य घटनाओं के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

झांसी रोड थाना पुलिस को शुक्रवार दोपहर मुखबिर के जरिए सूचना प्राप्त हुई कि चेतकपुरी में चोरी करने वाले चोर चुराया गया माल बेचने की फिराक में झांसी रोड बस स्टैंड पर खड़े हैं। इस पर पुलिस टीम तत्काल बताए गए स्थान पर पहुंची, तो वहां मौजूद दो संदिग्ध युवकों ने पुलिस को देखते ही दौड़ लगा दी। शंका होने पर पुलिस टीम भी उनके पीछे लग गई, जिसने कुछ दूरी पर उन्हें धरदबोचा। जिन्होंने पूछताछ में खुद को घोसीपुरा बहोड़ापुर तथा 60 फुटा रोड कुम्हरपुरा बताते हुए बीती 18-19 नवंबर की दरमियानी रात अपने दोस्तों के साथ मिलकर चेतकपुरी गेट के अंदर सूने मकान में चोरी करना स्वीकार निया। आरोपियों की निशांदेही पर वहां से चुराई गई एक एलईडी टीवी, एक डेस्कटॉप, एक पीसी तथा घटना में प्रयुक्त बाइक को हजार बिस्तर के पास से जब्त किया गया है। पकड़े गए नकबजनों से उनके साथियों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। उक्त प्रकरण में शामिल एक नाबालिग आरोपी को पूर्व में ही पुलिस द्वारा अभिरक्षा में लेकर जुवेनाइल कोर्ट में पेश किया जा चुका है। उक्त कार्रवाई में झांसी रोड टीआई मंगल सिंह पपोला, एसआई प्रकाश चौहान, प्रधान आरक्षक देवेंद्र सखवार, आरक्षक शंभू गुर्जर, शुभम चौहान, श्याम जाट, कमल राजपूत, रामकेश, मुनेश व सलमान की सराहनीय भूमिका रही।

### इस घटना में तलाश रही थी पुलिस

ढोली बुआ का पुल निवासी रितेश मंगल ने झांसी रोड थाने में शिकायत की थी, कि वह चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं, जिनका चेतकपुरी स्थित ऑफिस से बीती 18- 19 नवंबर की दरमियानी रात्रि को कोई अज्ञात चोर ताला तोड़कर एक लैपटॉप, एक पीसी, दो डेस्कटॉप, एक टीवी, एक मोबाइल, चांदी के तीन-चार सिक्के, एक चांदी की डिब्बी, तीन चांदी के गिफ्ट सेट तथा करीब 2500 रुपए नगदी चोरी करके ले गया है। जिस पर पुलिस द्वारा अज्ञात चोर की खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली थी। वहीं एसपी धर्मवीर सिंह ने उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए एएसपी कृष्ण लालचंदानी को उक्त नकबजनों को जल्द अरेस्ट करवाने की टास्क दी थी। जिस पर उन्होंने विश्वविद्यालय सर्किल सीएसपी हिना खान के मार्गदर्शन में झांसी रोड थाने की टीम को उक्त चोरों की पतारसी में लगाया था।

# 'हम होंगे कामयाब' जन-जागरूकता अभियान



जीकेवीएम स्कूल में महिला पुलिस अधिकारी ने अपनी टीम के साथ पहुंचकर स्कूली बच्चों को जागरूक किया।

### स्कूली बच्चों को गुड टच- बेड टच की दी जानकारी

**ग्वालियर।** महिला एवं बाल विकास विभाग भोपाल के निर्देश पर जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम हेतु 25 नवंबर से 15 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान 'हम होंगे कामयाब' आयोजित किया जा रहा हैं। इसी तारतम्य में एसपी धर्मवीर सिंह के निर्देश तथा महिला अपराध डीएसपी किरण अहिरवार के मार्गदर्शन में जिले में भी यह अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत शुक्रवार को पनिहार थाना क्षेत्रांतर्गत शासकीय विद्यालय एवं न्यू जीकेवीएम स्कूल में महिला पुलिस अधिकारी ने अपनी टीम के साथ पहुंचकर स्कूली बच्चों को जागरूक किया।

जागरूकता अभियान के दौरान पनिहार थाने में पदस्थ एसआई मालती गोयल, एएसआई हबीब खान, आरक्षक रूपेंद्र शर्मा व लोकेंद्र जाट द्वारा महिलाओं और बच्चियों की समस्याएं जानकर उनका उचित समाधान किया गया। इस अवसर पर जेंडर आधारित अपराधों जैसे घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना, छेड़छाड़, बलात्कार आदि एवं उनसे बचाव के संबंध में जागरूक किया गया। वहीं स्कूली बच्चों को 'बेटी की पेटी' के महत्व को बताने के साथ ही घरेलू हिंसा, बाल विवाह, छेड़छाड़, बाल श्रम आदि की जानकारी दी गई। वहीं उन्हें साइबर क्राइम, गुड टच- बेड टच के संबंध में भी जागरूक किया गया।

## डेंगू के बाद चिकनगुनिया हुआ बेकाबू

# चिकनगुनिया से रिटायर फौजी की हुई मौत



**ग्वालियर।** शहर में में डेंगू का आतंक अभी रुका नहीं और चिकनगुनिया के मामले भी अब जानलेवा बनने लगे हैं। वहीं स्वास्थ विभाग ने कड़े कदम उठाने के बजाय एडवाइजरी जारी कर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर ली है। चिकनगुनिया बुखार ने शुक्रवार को रिटायर्ड फौजी सुरेश सिंह चौहान (65) का दिल्ली में इलाज के दौरान जान ले ली है। उनकी एक महीने पहले जांच में डेंगू और चिकनगुनिया की रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। तभी से ही उनका इलाज चल रहा था लेकिन लाभ नहीं मिला। पिछले कुछ दिनों से फौजी के शरीर ने काम करना बंद कर दिया और शरीर शिथिल पड़ने लगा था। मृतक पुष्कर कॉलोनी के रहने वाले थे , यह क्षेत्र संक्रमण के लिहाज से बहुत संवेदनशील माना जाता है। दिल्ली जाने से पहले चौहान को ग्वालियर के प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था और फायदा नहीं मिलने पर दिल्ली ले गए थे लेकिन सही इलाज न मिलने से हालत बिगड़ गई थी। परिजनों का आरोप है कि ग्वालियर में डॉक्टरों ने जांच नहीं कराई और इलाज करते रहे, जिससे हालत बिगड़ गई थी। परिजन अब हॉस्पिटल पर केस करने की बात कह रहे हैं। क्योंकि यदि समय पर जांच के बाद उचित इलाज मिलता तो शायद मरीज की जान बचाई जा सकती थी। लेकिन यहां हालत में सुधार नहीं आया तब परिजन उनको लेकर दिल्ली पहुंचे और वहां मैक्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां जांच में चौहान को डेंगू व चिकनगुनिया दोनों की पुष्टि हुई। मच्छर जनित बीमारियों के लिए डीडी नगर, पुष्कर कॉलोनी, गोला का मंदिर डेंजर जोन बना हुआ है। इस क्षेत्र में चिकनगुनिया का कहर सबसे ज्यादा है। यहां लगभग हर घर में चिकनगुनिया जैसे लक्षण वाले मरीज मौजूद हैं। बावजूद इसके प्रशासन ने अब तक न तो सर्वे किया है और न ही चिकनगुनिया के वैरिएंट का पता लगाया। पुष्कर कॉलोनी में स्वास्थ्य विभाग की टीम 19 नवंबर को आई थी। उस दिन फॉगिंग और कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किया गया। लेकिन उसके बाद से विभाग ने कोई सुध नहीं ली।

### चिंताजनक स्थिति

शहर में चिकनगुनिया के 203, डेंगू के 1265 मरीज मिले शहर का मौसम ठंडा होने के बाद भी डेंगू और चिकनगुनिया का प्रकोप कम होने का नाम नहीं ले रहा है। शहर में इस साल चिकनगुनिया का पहला मरीज 7 सितंबर को मिला था। गुरुवार को चिकनगुनिया के 14 नए मरीज मिले हैं। इस तरह शहर में 7 सितंबर से लेकर गुरुवार तक चिकनगुनिया के मरीजों की संख्या 203 पर पहुंच गई है। जीआरएमसी और जिला अस्पताल में चिकनगुनिया के 48 सैंपल की जांच की गई। जांच में 14 मरीज ग्वालियर के और एक मरीज मुरैना का है। वहीं गुरुवार को डेंगू के 22 मरीज मिले हैं। इसी तरह 89 दिन में डेंगू के 1265 मरीज मिले हैं।

### धरातल पर प्रयास नाकाफी

डेंगू और चिकनगुनिया के बढ़ते मामले को लेकर सीएमएचओ डॉ. सचिन श्रीवास्तव ने गुरुवार को एडवाइजरी जारी करते हुए डेंगू व चिकनगुनिया एडीज नामक मच्छर के काटने से फैलने वाली बीमारी है। डेंगू का मच्छर सामान्यतः दिन में काटता है और उत्पत्ति स्थल के 400 मीटर के दायरे में सक्रिय रहता है। इसलिए घर के आसपास पानी जमा नहीं होने दें। बड़ा सवाल यह यह है कि संक्रमण की रोकथाम के दावे जमीन पर नजर नहीं आ रहे हैं इस पर स्वास्थ विभाग गौर कब करेगा।

**सत्ता न्यूज**

## दमकल अमले ने एक घंटे मशक्मत कर पाया काबू

# एटीएम की बैटरी से बैंक में भड़की आग, मचा हड़कंप

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

**एटीएम की बैटरी में हुए ब्लास्ट से बैंक में आग भड़क गई, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। हादसा बैंक ऑफ बड़ौदा की नया बाजार स्थित शाखा में हुआ। हालांकि इसकी सूचना पाते ही तत्परता से मौके पर पहुंचे दमकल अमले ने करीब एक घंटे की मशक्कत व दो गाड़ी पानी फायर का आग पर काबू पा लिया।**



नया बाजार स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में बने एटीएम बूथ की बैटरी में शुक्रवार सुबह 9.30 बजे के लगभग ब्लास्ट हो गया, जिससे भड़की आग बैंक के भीतर तक जा पहुंची। बैंक में आगजनी होती देख क्षेत्रवासी दहशत में आकर घरों से बाहर निकल आए। जिन्होंने तुरंत फायर ब्रिगेड को घटना की जानकारी दी। सूचना पाते ही दमकल अमले ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू शुरू किया। जिसने दो गाड़ी पानी फायर कर करीब एक घंटे की मशक्कत करते हुए आग पर पूर तरह से काबू पा लिया।

### बड़ा हादसा टला

घटनास्थल व्यस्ततम बाजार के बीच स्थित है, जहां एक- दूसरे से सटे हुए मकान बने हुए हैं। बैंक के पीछे भी घनी बस्ती बसी हुई है। ऐसे में यदि रात के वक्त यह घटना घटित हुई होती, तो बड़ा हादसा हो सकता था।

### इनका कहना है

एटीएम की बैटरी से बैंक में आग लग गई थी, मौके पर दो गाड़ी पानी फायर कर करीब एक घंटे में आग पर काबू पा लिया गया है।

**डॉ. अतिबल सिंह यादव**
**नोडल फायर ऑफिसर**

### आज बनेंगे वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड

**ग्वालियर।** नगर निगम के सभी क्षेत्रीय कार्यालय व जनमित्र केन्द्र पर 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए 30 नवम्बर एवं 01 दिसम्बर 2024 को शिविर का आयोजन किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त अमन वैष्णव के आदेशानुसार आयुष्मान भारत ''प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना'' के अंतर्गत नगर निगम के सभी क्षेत्रीय कार्यालयों व जनमित्र केन्द्रों पर 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए 30 नवम्बर एवं 01 दिसम्बर 2024 को शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ऐसे 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को प्रतिवर्ष 05.00 लाख रूपये तक का स्वास्थ्य सुरक्षा कवच प्रदान किया जा रहा है।


## कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जिला भिण्ड (म.प्र.)

### समग्र शिक्षा अभियान (सेकेण्ड्री एज्यूकेशन) जिला भिण्ड

क्र./समग्र शिक्षा/अभि./2024 12511 भिण्ड दिनांक 29/11/24

### निविदा आमंत्रण

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय भिण्ड द्वारा समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत जिले के शासकीय विद्यालयों में निम्नानुसार कार्यों के लिए जैम पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| सं.क्र. | कार्य का विवरण | निविदा क्रमांक | निविदा आरंभ दिनांक | निविदा समाप्ति दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 01 | अटल टिंकरिंग लैब | GEM/2024/B/5646128 | 26.11.2024 | 17.12.2024 |
| 02 | स्मार्ट क्लास | GEM/2024/B/5629131 | 26.11.2024 | 17.12.2024 |
| 03 | आई.सी.टी. लैब | GEM/2024/B/5641595 | 26.11.2024 | 17.12.2024 |
| 04 | टैब-लैब | GEM/2024/B/5614257 | 26.11.2024 | 17.12.2024 |

इच्छुक निविदाकार जैम पोर्टल पर ऑनलाइन निविदाओं में भाग ले सकते है।

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला-भिण्ड (म.प्र.)

## ब्रीफ न्यूज

### नगर निगम कर्मचारी संघ की बैठक सोमवार को निगम सभा कक्ष में होगी

**सागर।** नगर निगम कर्मचारी कल्याण मोर्चा द्वारा निगम प्रशासन को पूर्व में दिए गए 8 सूत्रीय मांगो निराकरण न होने पर 2 दिसंबर सोमवार को 2 फरवरी 1.30 बजे से नगर निगम सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है । नगर निगम कर्मचारी कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष हरेंद्र खटीक ने बताया कि कर्मचारियों की विभिन्न मांगों के निराकरण हेतु 7 नवंबर को निगम प्रशासन को ज्ञापन दिया गया था जिसका आज तक निराकरण नहीं किया गया है। अतः सभी कर्मचारियों की उपस्थिति में 2 दिसंबर सोमवार को बैठक आयोजित की गई है जिसमें विचार -विमर्श उपरांत आगामी कार्रवाई हेतु निर्णय लिया जाएगा। नगर निगम कर्मचारी कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष हरेंद्र खटीक ने सभी कर्मचारियों से अनुरोध किया है की बैठक में समय पर उपस्थित होने का कष्ट करें।

### संविधान के कारण ही देश खुशहाल है- प्राचार्य

**बीना(सागर)।** संवैधानिक मूल्यों पर काम करने वाली सामाजिक संस्था शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह एवं आजाद क्रांति युवा मण्डल बीना द्वारा शासकीय हाई स्कूल ग्राम बुखारा में संविधान दिवस के उपलक्ष्य मे संवैधानिक मूल्यों पर संवाद एवं शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।स्कूल के प्राचार्य एन.पी. दुबे ने बताया कि आज हमारा देश खुशहाल है देश में रहने वाले सभी लोग अपना जीवन खुशियों के साथ स्वतंत्रता पूर्वक व्यतीत कर रहे हैं यह सिर्फ संविधान के कारण ही संभव हो पाया है, संवैधानिक मूल्यों पर जानकारी देते हुए समाजसेवी उमेश शर्मा ने बताया कि संवैधानिक मूल्य न्याय, स्वतंत्रता, समता, बंधुता, गरिमा एवं समानता पर पूरा संविधान टिका है, संविधानिक मूल्य, संविधान की नींव है इन्हीं मूल्यों पर ही सरकार की कार्यप्रणाली, कानून, प्रशासनीक नियम, सरकारी आदेश बनाए गए हैं संविधान की आत्मा संविधान की प्रस्तावना है, संविधान के निर्माण में 299 व्यक्तियों का सहयोग रहा, संविधान 2 साल 11 महीने 18 दिन में बनकर, 26 नवंबर 1949 मे पूर्ण हुआ एवं 26 जनवरी 1950 मे लागू किया गया। अंत में उपस्थित सभी विद्यार्थियों ने संविधान की उद्देशिका की शपथ ली।इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित विधार्थियों के साथ साथ श्रीमती मीना श्रीवास्तव, श्रीमती प्रियंका यादव,यश सोनी, अमितेश रोहित, राजेश अहिरवार शामिल रहे।

### एकरूपता के लिए 'यूनिफाइड सेट ऑफ डॉक्यूमेंट्स' पर सहमति

# हितग्राहियों को समय से लोन उपलब्ध कराएं सभी बैंकर्स अनावश्यक दस्तावेजों की मांग ना करें : कलेक्टर

सत्ता सुधार ■ सागर



**पहली बार डीएलसीसी में हितग्राही और बैंकर्स बैठे साथ, मौके पर ही जानी समस्याएं और निकाला हल**

कलेक्टर संदीप जी आर की अध्यक्षता में गुरुवार शाम डीएलसीसी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिले के सभी बैंकर्स,योजनाओं से संबंधित हितग्राही, संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। जिले में पहली बार बैंकर्स और हितग्राही बैठक में साथ में बैठे। जिससे कई व्यावहारिक समस्याओं को मौके पर ही सुना, समझा गया और उनका हल निकाला गया।बैठक में कलेक्टर ने सभी बैंकर्स से कहा कि, हितग्राहियों को समय से लोन उपलब्ध हो सके इस दिशा में सभी को कार्य करना होगा। कोई भी बैंकर हितग्राहियों से अनावश्यक दस्तावेजों की मांग ना करे। साथ ही शासकीय योजनाओं से संबंधित लोन प्रकरणों में सभी बैंकर्स एकरूपता लाने के लिए ÷यूनिफाइड सेट का डॉक्यूमेंट्स÷ के आधार पर कार्य करें। जिससे बिना किसी भ्रम और परेशानी के आसानी से लोन प्रकरण पूर्ण हो सकें।कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा कि सभी बैंकर्स और हितग्राहियों को एक साथ बुलाने का उद्देश्य गैप आईडेंटिफाई कर समस्याओं का हल निकालना है। उन्होंने सभी बैंकर्स और हितग्राहियों से समक्ष में बात भी की।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ विवेक केवी, लीड बैंक अधिकारी सी. पी.सिंह, आरबीआई , नाबार्ड अधिकारी, समस्त बैंक के नोडल अधिकारी तथा शासकीय ऋण योजनाओं से जुड़े समस्त विभाग के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।कलेक्टर ने प्रत्येक व्यक्ति को बैंकिंग योजनाओं का लाभ प्रदान करने बैंकर्स से आवश्यक सहयोग के लिए कहा। उन्होंने कहा कि बैंकर्स इस संबंध में पहले से ही दिन और समय निश्चित कर लें जिससे बैंक अधिकारी और हितग्राही और दोनों को आसानी रहे।कलेक्टर ने योजनाओं के लक्ष्य के विरुद्ध प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों को लक्ष्य अनुरूप ऋण आवेदन जमा करने तथा बैंक को आवेदनों का निर्धारित समयावधि में निराकरण के लिए निर्देशित किया गया। इसके अलावा शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं के आवेदन, जो विभिन्न पोर्टल पर लंबित हैं, उन्हें निराकृत करने तथा पीएमएफएमई योजना, पशु एवं मत्स्य केसीसी व अन्य महत्वाकांक्षी योजनाओं का निर्धारित लक्ष्य इस वित्तीय वर्ष में अनिवार्यतः पूर्ण करने के लिए कहा।

### कलेक्टर ने हितग्राहियों से की चर्चा

बैठक में कलेक्टर ने स्वसहायता समूह की श्रीमती प्रयागबाई दीदी, श्रीमती सरस्वती दीदी से चर्चा की। उन्होंने बताया कि आमतौर पर उन्हें ई-केवाईसी वेरीफिकेशन, संबंधित बैंक में खाता ना होना जैसी समस्याएं आती है। बैंकर्स ने भी बताया की स्व सहायता समूह के अंतर्गत मदर बुक पूर्ण होना चाहिए, ई केवाईसी पूर्ण होना चाहिए और संबंधित बैंक में खाता होना चाहिए। जिस पर कलेक्टर ने कहा कि इनमें से कियोस्क के माध्यम से हो सकने वाली सभी प्रक्रियाओं को निःशुल्क पूर्ण किया जाए। साथ ही गांव में फाइनेंशियल लिटरेसी कैंप (वित्तीय शिक्षा) आयोजित किए जाएं। बैंकर्स भी गांव में शिविर के माध्यम से समूह के पास पहुंचे और मौके पर ही यथोचित कार्रवाई कर ऋण उपलब्ध कराएं। कलेक्टर ने पीएम स्वनिधि के हितग्राहियों से भी बात की। जिसमें भरत सोनी और रिंकू जाटव ने बताया कि वे योजना के अंतर्गत प्रथम तथा द्वितीय चरण की राशि प्राप्त कर क्रमशः 10 हजार तथा 20 हजार के ऋण का भुगतान भी कर चुके हैं तथा उन्होंने अब 50 हजार के लिए आवेदन दिया है। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित बैंकर्स से कहा कि ऐसे प्रकरणों में बिना किसी देरी के संबंध का ऋण स्वीकृत करें।उन्होंने पीएमएफएमई के अंतर्गत पुरुषोत्तम लोधी, श्रीमती वर्षा लोधी, शोभाराम पटेल श्रीमती मनीषा पटेल से भी चर्चा की और संबंधित बंकर को यथोचित आगामी कार्रवाई के निर्देश दिए।कलेक्टर ने कहा कि हमें अनावश्यक दस्तावेजों की मांग करने, हितग्राहियों को बार-बार बैंक बुलाने से बचना चाहिए। इससे न केवल हितग्राहियों को समय पर ऋण स्वीकृत हो सकेगा बल्कि बैंकर्स को भी उनके लक्षण अनुसार कार्य करने में आसानी रहेगी।

# अलग-अलग मामलों में बीना पुलिस ने की कार्रवाई, आरोपियों को किया गिरफ्तार

सत्ता सुधार ■ बीना(सागर)

बीना पुलिस ने अलग-अलग तीन घटनाओं में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बुधवार रात तीनों मामलों का खुलासा करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार करने की जानकारी दी। अड़ीबाजी करने वाले आरोपी को पकड़ा गया - बीना के पड़रिया गांव में शराब पीने के लिए रुपए मांगने और मना करने पर अड़ीबाजी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।जानकारी के अनुसार, नीरज उर्फ छोटू पिता बसंत गोस्वामी (30) निवासी पड़रिया के साथ 16 जून 2024 को शैलेन्द्र पिता जगदीश दांगी निवासी पड़रिया ने शराब पीने के लिए रुपए मांगे। नीरज ने रुपए देने से मना किया, तो शैलेन्द्र ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।पुलिस ने शैलेन्द्र के खिलाफ धारा 327, 294 और 506 के तहत मामला दर्ज किया। टीम का गठन कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी में थाना प्रभारी अनूप सिंह यादव, एसआई कविता द्विवेदी, एएसआई शिखरचंद्र, प्रधान आरक्षक



कुलदीप सिंह, गौतम शर्मा, आरक्षक देवेन्द्र, जितेन्द्र धाकड़ और अमित जाट शामिल थे।

### मारपीट करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने 19 मार्च 2024 को हुई मारपीट की घटना के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार, ओमप्रकाश पिता आसाराम अहिरवार (28) निवासी सहोद्राराय वार्ड खुरई ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने मित्र दिनेश लोधी पिता रामप्रकाश लोधी के साथ दिनेश की बेटी से मिलने बीना आया था। रास्ते में अनुज जोगी एक कार से आया और अपने साथियों के साथ डंडे से दिनेश पर हमला कर दिया। उन्होंने दिनेश को जान से मारने की कोशिश की। ओमप्रकाश ने बीच-बचाव किया तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की। पुलिस ने इस मामले में अनुज पिता नरेंद्र जोगी (27) निवासी पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड खुरई को गिरफ्तार कर पूछताछ की। उसने बताया कि घटना में उसके साथी गजेंद्र पिता कंछेदीलाल अहिरवार (24) निवासी शिवाजी वार्ड बीना और आशीष उर्फ लल्लू पिता रामचरण रैकवार (25) निवासी सुभाष वार्ड भी शामिल थे। पुलिस टीम ने आरोपियों को गिरफ्तार किया। इस टीम में थाना प्रभारी अनूप सिंह यादव, एसआई शैलेन्द्र सिंह, कविता द्विवेदी, एएसआई शिखर चंद्र, प्रधान आरक्षक देवेन्द्र बागरी, गौतम शर्मा, आरक्षक जितेन्द्र, जाहर यादव, राजेंद्र सिंह, जगदीश, और रामाश्रय पांडे शामिल रहे चोरी के आरोपी को दबोचा बीना के पड़रिया गांव में 31 अक्टूबर 2024 को चोरी की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।निखिल पिता भूपेंद्र ठाकुर (25) निवासी पड़रिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके घर से आरोपी शैलेन्द्र सिंह ठाकुर ने 40,000 रुपए नकद और सोने का मंगलसूत्र चुरा लिया था।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया और टीम बनाकर उसे गिरफ्तार कर लिया। इस टीम में थाना प्रभारी अनूप सिंह यादव, कविता द्विवेदी, एएसआई शिखर चंद्र, प्रधान आरक्षक कुलदीप सिंह, गौतम शर्मा, आरक्षक देवेंद्र, जितेन्द्र धाकड़ और अमित जाट शामिल थे।

**तीनों मामलों में सफलता**

**बीना थाना प्रभारी अनूप सिंह यादव ने बताया कि तीनों घटनाओं में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। सभी मामलों की जांच जारी है।**

# सर्दी को देखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाएः अपर कलेक्टर उपाध्याय



सत्ता सुधार ■ सागर

**अपर कलेक्टर ने किया आनंद वृद्धाश्रम का निरीक्षण**

सर्दी के मौसम को देखते हुए आनंद वृद्ध आश्रम में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उक्त निर्देश अपर कलेक्टर श्री रुपेश उपाध्याय ने कलेक्टर श्री संदीप जी आर के निर्देश पर निरीक्षण के दौरान दिए। अपर कलेक्टर रुपेश उपाध्याय ने निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए की सर्दी का मौसम चल रहा है जिसको देखते हुए हमारे सभी वरिष्ठ वृद्धजनों के लिए आनंद आश्रम में गर्म पानी, गर्म कपड़े की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जावे। उन्होंने कहा कि एक सुनिश्चित स्थान तैयार करें जहां सभी वृद्धजनों को आवश्यक सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि सर्दी के मौसम के हिसाब से भोजन व्यवस्था भी सुनिश्चित की जावे और वृद्धजनों की रुचि के अनुसार भोजन तैयार कराएं। कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश अनुसार आनंद विद्याश्रम में किचन गार्डन का भी निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि किचन गार्डन का रखरखाव लगातार किया जावे। अपर कलेक्टर श्री उपाध्याय ने सभी जिले वासियों से अपील भी कि सभी आनंद वृद्ध आश्रम में आकर अपना सहयोग करें और वृद्धजनों की सेवा में सहयोग करें।

**बार पक्ष पहुंचे गाजे बाजे के साथ गोद भराई के लिए**

# मां जानकी की गोद भराई की रस्म हुई पूरी, वर पक्ष से उपहार लेकर गए श्रद्धालु

सत्ता सुधार ■ बीना(सागर)

बीना के खिरिया वार्ड स्थित श्रीरामनाम सिद्ध पीठ में भगवान श्रीराम और माता जानकी का विवाहोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। विवाह से जुड़ी रस्मों की शुरुआत हो चुकी है,और हर रस्म को परंपरागत तरीके से उल्लासपूर्ण माहौल में संपन्न किया जा रहा है। इस आयोजन से शहर में धार्मिक वातावरण बना हुआ है।जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर पुण्य लाभ ले रहे हैं।

### कच्चा रोड से लिंक रोड तक भक्तों का नृत्य और उल्लास

गुरुवार की रात को माता जानकी की गोद भराई



की रस्म पूरी हुई। इस अवसर पर भगवान श्रीराम की ओर से राजा सोनी दयाल सोनी, गोद भराई का सामान लेकर धूमधाम से मंदिर पहुंचे। भक्तगण नाचते-गाते हुए कच्चा रोड से लिंक रोड, सर्वोदय चौराहा होते हुए श्रीरामनाम सिद्ध पीठ पहुंचे। रास्ते भर श्रद्धालुओं का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। मंदिर पहुंचने पर श्रीरामनाम महाराज ने विधि-विधान से गोद भराई की रस्म पूरी कराई।इस दौरान महिलाओं ने मंगलगीत गाए और प्रसाद का वितरण किया गया।भगवान के विवाहोत्सव को देखने और उसमें भाग लेने के लिए श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है।आयोजन समिति के अनुसार, 6 दिसंबर को भगवान श्रीराम की चक्रवर्ती महाबारात निकाली जाएगी। शहर में इसके लिए भव्य स्वागत द्वार और अन्य तैयारियां जोर-शोर से चल रही है।



# वन विभाग की टीम ने करीब 75 एकड़ भूमि अतिक्रमण कराया मुक्त

सत्ता सुधार ■ बंडा(सागर)

उत्तर वन मंडल के बंडा वन परिक्षेत्र में वन भूमि पर बेजा कब्जा करने वाले अतिक्रमणकारियों के खिलाफ वन विभाग की टीम ने मोर्चा खोल दिया है। जिसमें वन विभाग की टीम ने करीब 75 एकड़ से अधिक वन भूमि अतिक्रमणकारियों के कब्जे से मुक्त कराई है। इस कार्यवाही को लेकर वन माफियाओं में हड़कंप है।कहा जा रहा है कि यहां करीब एक वर्ष पूर्व पदस्थ हुए वन परिक्षेत्र अधिकारी विकास सेठ लगातार वन माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही करने लगे हुए है। जिसकी शुरूआत उन्होंने प्रभार संभालने के बाद भेड़ा वन बीट से 1.5 हेक्टेयर अतिक्रमण हटाने से की। वन भूमि पर वर्षों से अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्यवाही करने की शुरूआत करते हुए उन्होंने 25 नवंबर को 8 हेक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने की कार्यवाही की।यह कार्यवाही दलपतपुर वन बीट के अंतर्गत की गई। जहां करीब 20 एकड़ से अधिक वन भूमि अतिक्रमण कारियों के कब्जे से अलग हुई। वन विभाग की टीम की कार्यवाही यही तक सीमित नहीं रही। इसके बाद बमाना की भेड़ा बीट में अलग अलग क्षेत्र से करीब 20 हेक्टे. भूमि अतिक्रमणकारियों के कब्जे से मुक्त कराने में कामयाबी हासिक की। इस भूमि पर अतिक्रमणकारी खेती कर रहे थे। दूसरी तरफ वनविभाग प्लांटेशन को लेकर भूमि अतिक्रमण मुक्त करा रहा है।क्कायला बीट के ग्राम सांदागिर में भी करीब 8 हेक्टेयर वन भूमि से बेजा कब्जा हटाने की कार्यवाही हुई है। इस तरह करीब 28 हेक्टेयर से अधिक वन भूमि अतिक्रमणकारियों से मुक्त करा कर वन माफियाओं के खिलाफ यह कार्यवाही की गई है। अतिक्रमण हटाने के पहले अतिक्रमणकारियों के बेदखली आदेश जारी किए गए। उसके बाद करवाई को अंज़ाम दिया गया.वन परिक्षेत्र अधिकारी विकास सेठ ने बताया कि वन विभाग की अलग अलग बीट से करीब 28 हेक्टेयर वन भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई है।

## सत्ता न्यूज

### हम होंगे कामयाब अन्तर्गत विद्यार्थियों को जागरूक करने हेतु एक कार्यशाला

# महिला अपराधों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराना महत्वपूर्ण हैः यादव

सत्ता सुधार ■ बीना(सागर)

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बीना और शासकीय विधि महाविद्यालय बीना में आज राज्य शासन के निर्देशानुसार आवाज संस्था के सहयोग से जेन्डर हिंसा के खिलाफ जागरूकता अभियान हम होंगे कामयाब अन्तर्गत विद्यार्थियों को जागरूक करने हेतु एक कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डा रेखा बरेठिया के मार्गदर्शन में किया गया।प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में सभी विद्यार्थियों से कहा कि समाज में बराबरी से आगे बढ़कर अपना भविष्य संवारे और अपने करियर पर ध्यान दें।इस अवसर पर मुख्य वक्ता नगर थाना प्रभारी अनूप यादव ने कहा कि हम ऐसा व्यवहार करें जो आप अपने आप से अपेक्षा



रखते हैं।आपने विभिन्न कानूनी प्रावधानों, साइबर अपराध, और महिला सुरक्षा के मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि महिला अपराधों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराना कितना महत्वपूर्ण है और इसके लिए कौन-कौन से कानून उपलब्ध हैं। इसके साथ ही संज्ञेय और असंज्ञेय अपराध, जमानतीय और अजमानतीय अपराध के बारे में जानकारी दी। साथ ही , विद्यार्थियों को आत्मरक्षा के उपाय और 1090 किसी महिला से अपराध होने पर शिकायत तथा 1098 बालकों के विरुद्ध अपराध होने के संबंध में शिकायत 100 जैसे हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने विद्यार्थियों को यह भी प्रेरित किया कि वे समाज में अपराधों के प्रति जागरूकता फैलाने में अपनी भूमिका निभाएं। आपने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। आवाज़ से जिला समन्वयक मालती पटेल ने कहा कि सभी छात्र छात्राएं इस तरह के जागरूकता अभियान से सीख लेते हुए अपने आपको काबिल बनाएं।कार्यशाला में मोहम्मद रफीक शेख ने इस कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डाला और और इसे एक सकारात्मक कदम बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं में कानूनी जानकारी और सामाजिक जिम्मेदारी का विकास करने में सहायक होते हैं।आभार प्रदर्शन डा महेंद्र कुमार पटेल ने व्यक्त किया। इस अवसर पर वर्षा अहिरवार,डा नमिता अग्निहोत्री,डा नीलम सिंह , डा रीमा शर्मा, राजेश माहौर गौरव सिंह, गौरव नैलवाल, दीपिका दीक्षित, क्रांति मिश्रा, डा चेतना शर्मा, डा राज मोहम्मद ,रितिक तिवारी, डॉ आनन्द गुप्ता, प्रदीप चौधरी सहित विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

# नगर निगम कर्मचारियों के निधन पर शोकसभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी

सत्ता सुधार ■ सागर



नगर निगम जलप्रदाय शाखा में बख्शीखाना पंपहाउस पर पदस्थ मुकेश रैकवार एवं बम्हौरी पंप हाउस पर पदस्थ वीरन रावत के आकस्मिक निधन हो जाने पर नगर निगम सभाकक्ष में शोकसभा आयोजित की गई जिसमें 2 मिनट का मौन धारणकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि सभा में उपायुक्त श्रीमती हेमलता पटेल, कार्यपालन यंत्री विजय दुबे,राजस्व अधिकारी बृजेश तिवारी,कार्यालय अधीक्षक आर बी जोशी,मनोज चौबे, लेखापाल अभिषेक तिवारी, उपयंत्री रामाधार तिवारी, राहुल रैकवार, सुबोध सागर,महादेव सोनी, राजेंद्र सेन,हरेंद्र खटीक, माधव प्रसाद चढार, सुरेश विश्वकर्मा, कैलाश दुबे, जया श्रीवास्तव,शकुन गोस्वामी, चन्द्रविजय गौर, माधव चढार, राजेंद्र सनकत, बृजेश नापित सहित बड़ी संख्या में विभिन्न विभागों के अधिकारी,कर्मचारी उपस्थित थे।

